Taxi & Limousine Commission

WORKERS' COMPENSATION COMPLIANCE REQUIREMENTS / कर्मचारियों के मुआवजे के अनुपालन की आवश्यकताएँ

कर्मचारियों का चालू मुआवजा

यदि आप कर्मचारी मुआवजे संबंधी लाभ प्राप्त कर रहे हैं, तो आपको tlccompliance@tlc.nyc.gov. पर TLC Compliance Unit / टीएलसी अनुपालन यूनिट को निम्नलिखित दस्तावेज़ ईमेल करने होंगे। आपको अपने TLC लाइसेंस को निम्न पते पर डाक द्वारा **सरेंडर** करना भी आवश्यक है: 31-00 47th Avenue 3rd Floor, Long Island City, NY 11101, सेवा में Compliance Unit.

1. आपने कर्मचारी मुआवजे संबंधी लाभों के लिए अर्जी दाखिल की है इसे प्रमाणित करने वाले दस्तावेज़।
2. किसी लाइसेंस प्राप्त चिकित्सक का मूल पत्र जिसमें कहा गया है कि आप शारीरिक रूप से काम करने में समर्थ नहीं हैं। इस पत्र पर आवश्यक रूप से डॉक्टर के हस्ताक्षर होने और मुहर लगी होनी चाहिए और यह छह (6) महीने से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए।

कर्मचारी मुआवजे के दौरान आपकी जिम्मेदारियां क्या हैं

जब आप काम करने में असमर्थ हैं, तब भी आपके लिए TLC लाइसेंस की सभी लागू आवश्यकताओं को पूरा करना आवश्यक है। अपनी लाइसेंस जानकारी एक्सेस करने के एक त्वरित, आसान तरीके के लिए www.nyc.gov/tlcup पर जाएँ।

यदि आपका TLC ड्राइवर लाइसेंस रिन्यू के लिए निर्धारित है, तो रिन्यू की आवश्यकताओं और रिन्यू की अतिरिक्त जानकारी के लिए TLC वेबसाइट https://www1.nyc.gov/site/tlc/drivers/renew-a-tlc-drivers-license.page पर जाएँ।

ध्यान दें: यदि आप समाप्ति की तारीख के बाद 180 दिनों के भीतर अपनी रिन्यू आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, तो आपसे
$25.00 का विलम्ब शुल्क लिया जाएगा।

कर्मचारी क्षतिपूर्ति को कैसे रोकें और काम पर वापस लौटें

जब आप काम करने में असमर्थ थे, तो आपका TLC लाइसेंस निलंबित कर दिया गया था। निलंबन को हटाने और काम पर लौटने के लिए, आपको यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि आप TLC की सभी आवश्यकताओं को पूरा करते हैं और आप शारीरिक रूप से काम पर लौटने में समर्थ हैं, इस बात का प्रमाण जमा करें। आपको निम्न को tlccompliance@tlc.nyc.gov पर TLC Compliance Unit / टीएलसी अनुपालन यूनिट को ईमेल करना होगा:

1. किसी लाइसेंस प्राप्त चिकित्सक का मूल पत्र जिसमें यह वर्णित हो कि आप बिना किसी प्रतिबन्ध के काम पर लौटने के लिए शारीरिक रूप से फ़िट हैं। इस पत्र पर आवश्यक रूप से डॉक्टर के हस्ताक्षर होने और मुहर लगी होनी चाहिए और यह छह महीने से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए।
2. आपकी बीमा कंपनी से लिखित प्रमाण (दस्तावेज़) जो यह यह दर्शाता हो की कर्मचारी मुआवजे संबंधी लाभ समाप्त हो गए हैं। यदि आप इस पत्र को प्राप्त करने के तरीके के बारे में जानकारी चाहते हैं, तो कृपया कर्मचारी का मुआवजा वेबसाइट पर जाएँ: http:www.wcb.ny.gov.

   ध्यान दें: केवल आपकी बीमा कंपनी या Workers' Compensation Bureau / कर्मचारी मुआवजा ब्यूरो के पत्र स्वीकार किए जाएंगे।
3. नए क्रेडेंशियल प्राप्त करने के लिए एक पूरा भरा हुआ और हस्ताक्षर किया हुआ क्रेडेंशियल प्रतिस्थापन फ़ॉर्म (PDF) https://www1.nyc.gov/assets/tlc/downloads/pdf/req_driver_replace_credentials.pdf पर जमा करें। क्रेडेंशियल प्रतिस्थापन का शुल्क पच्चीस डॉलर ($25.00) है। TLC Long Island City फ़ैसिलिटी का दौरा करने के लिए आपको TLC वेबसाइट https://www1.nyc.gov/site/tlc/tlc-online/licensing-standards-appointment-scheduling.page, के माध्यम से अपॉइंटमेंट शेड्यूल करना होगा।